फर्जी रैपर का इस्तेमाल कर बेचते थे नकली दवाइयां... STF की कार्रवाई, 4 कंपनी के मालिक व प्लांट हेड गिरफ्तार



**जागरण संवाददाता, देहरादून।** विभिन्न ब्रांडेड दवा कंपनियों की हूबहू नकल कर नकली दवाइयां तैयार कर बाजार में बेचने वाले गिरोह के चार और सदस्यों को उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में तीन देहरादून जनपद जबकि एक मेरठ का रहने वाला है जोकि विभिन्न कंपनियों के मालिक हैं और कंपनियों की आड़ में नकली दवाइयों का कारोबार कर रहे थे।
एसटीएफ के एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि बाजार में बिक रही नकली दवाइयों की शिकायत मिलने पर उस गिरोह की पहचान कर नकली दवाइयों को बनाने व बाजार में विक्रय करने वाले गैंग के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

Source: https://www.jagran.com/uttarakhand/dehradun-city-dehradun-city-news-stf-fake-medicine-racket-busted-four-arrests-include-plnat-owner-24032875.html